जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : एफ / प्रशा. / प्रवेश / 2018 / 699

दिनांक 24/8/18

(प्रथम स्मरण पत्र)

प्रति,

विभागाध्यक्ष / अधिकारी / समन्वयक / निदेशक / प्रभारी / वार्डन
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
एवं प्राचार्य, जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध,
समस्त महाविद्यालय (शासकीय एवं अशासकीय)

विषय :– वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2017–18 हेतु जानकारी भेजने बावत।

संदर्भः– क्रमांक / एफ / प्रशा / प्रवेश / 2018 / 624, दिनांक 26 / 07 / 2018 के संदर्भ।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय का वर्ष 2017–18 का (01 जुलाई 2017 से 30 जून 2018 तक) वार्षिक प्रतिवेदन तैयार किया जाना है जिसमें निम्नलिखित विवरण प्रकाशित होना आवश्यक है:–

1. महाविद्यालय का संक्षेप में इतिहास तथा स्थापना वर्ष।
2. प्राचार्य का नाम (यदि प्रभारी के रूप में कार्य दिया गया हो तो स्पष्ट अंकित किया जाये) एवं प्राध्यापकों की विषयवार संख्या भी दी जाये।
3. स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के उन विषयों का विवरण जिनके अध्ययन हेतु महाविद्यालय को सम्बद्धता है तथा वे विषय जिनमें शोध केन्द्र के रूप में मान्य है।
4. छात्र / छात्राओं की संख्या (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, एवं पिछडा वर्ग की जानकारी पृथक से अंकित की जावें)
5. पुस्तकालय की स्थिति।
6. परीक्षा परिणाम।
7. अन्य विशेष कार्यक्रम तथा विशेष गतिविधियां जो प्रकाशन योग्य हो तो उनके विवरण अलग से भेजे जावे।

वार्षिक प्रतिवेदन शासन के विभिन्न विभागो की ओर भेजने के अतिरिक्त विधानसभा पटल पर भी रखे जाते है। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय निर्धारित समय–सीमा में प्रतिवेदन संबंधी जानकारी प्रस्तुत करें।

अतः कृपया व्यक्तिगत रूचि लेकर शीघ्रातिशीघ्र समस्त जानकारी दिनांक 11.09.2018 तक **संलग्न प्रोफार्मा एवं सी0डी0 के साथ** मे **ई–मेल (Jugannualreport@gmail.com)** पर आवश्यक रूप से भेजें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. बेवसाइड प्रभारी, इस सूचना पत्र एवं प्रोफार्मा को तत्काल जीवाजी वि.वि. की वेबसाइड पर अपलोड करे।

उप–कुलसचिव (प्रशा)